तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

13 कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने कराना होगा पोर्टल में पंजीयन



14 डीएमएफटी में प्रेजेंटेशन व आइडियाज़ के लिए कलेक्टर...









## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन की ठोकर से दो गायों की मौत

**कुसुमकसा।** शुक्रवार की रात्रि में अज्ञात वाहन की ठोकर से राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के मुख्य सड़क स्थानीय बस स्टैंड चौक कुसुमकसा के पास दो गायों की मौत हो गई। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, ग्राम पंचायत के द्वारा मृत गायों को उठवाया गया। मुख्य मार्गो में विचरण करने वाले गायों के मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रही है। कहीं न कहीं वाहनों की ठोकर से गायों की मौत हो रही है किंतु ना तो गौपालक गायों को मुख्य सड़क मे जाने से रोक रही है और ना ही शासन प्रशासन मुख्य मार्गो में गायों हटाने के लिए कोई ठोस कदम उठा रही है। वहीं लावारिश जानवरो की संख्या भी सड़को में बढ़ती जा रही है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपत्ति गंभीर

**बालोद।** बस स्टैण्ड से अपने मेहमानो को लेकर वापस आ रहे कार सवार व्यक्ति ने बाईक सवार दंपत्ति को ठोकर मार दी जिसमे बाईक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद दंपत्ति द्वारा ठोकर मारकर एक्सीटेंड करने वाले कार सवार व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेतामटोला भंवरमरा मुख्य मार्ग पर कार की टक्कर से बाईक सवार दंपत्ति घायल हो गए। वेद प्रकाश साहू ने जानकारी दी कि शुक्रवार को कार में चालक योगेश कुमार साहू कबीरधाम और किर्तन राम ठाकुर के साथ शोक कार्यक्रम मे आ रहे मेहमानो को लाने बस स्टैण्ड गए थे। इस दौरान भवरमरा मुख्य सड़क के पास कार ने बाईक को टक्कर मार दी। बाइक मे सवार अंबागढ़ चौकी निवासी बाईक चालक नितिन साहू एवं उसकी पत्नी ममता साहू को चोट लगी है।

### घोषित फिल्म नहीं दिखाने पर टाकीज में हुआ हंगामा

**बालोद।** शहर के एक टॉकिज मे बाहर फिल्म का पोस्टर अलग और अंदर थिएटर मे फिल्म अलग दिखाने का मामला आया है जिसके बाद फिल्म प्रारंभ होने पर दर्शको को जब इसकी जानकारी हुई तो दर्शको द्वारा इसका विरोध किया गया तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी शेष पेज 12 पर

**समस्या :** मार्ग के अधूरे होने से ग्रामीण परेशान, गर्मी में धूल और बारसात में कीचड़ से किया बेहाल


# 63 करोड़ की सड़क योजना में तीन किलोमीटर के रनचीराई मार्ग का निर्माण 60 माह बाद अधूरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- मुआवजे और नापजोख में गड़बड़ी का खामियाजा उठा रहे ग्रामीण

एडीबी प्रोजेक्ट द्वारा जामगांव आर से अंडा 23.50 किलोमीटर 63 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से 30 अगस्त 2019 को 20 माह में कार्य पूर्ण करने की अनुबंध के साथ श्रीजी प्रोजेक्ट लिमिटेड पीएसए कंट्रशन को आदेश जारी हुआ। 20 महीने का अनुबंध वाला यह कार्य उलझते सुलझते 60 माह पार कर गया। अब जानकारी मिल रही है की सड़क समाप्त हो गया। लेकिन इसी मार्ग पर जामगांव आर से महज 3 किलोमीटर दूर रनचीराई का उलझन सुलझाने में शासन प्रशासन असफल रहे। कही मुआवजे के लफड़े कही नाप की गलत तरीके और कही रोड की दिशा बदलने का विवाद सुर्खियों में आ गया। पावर फूल अधिकारी इन उलझनों को सुलझाने में कैसे कमजोर पड़ गए यह विचारणीय प्रश्न है।

**कलेक्टर के संज्ञान लेने पर सड़क मामले के सुलझने की उम्मीद**-रनचीराई निवासी सड़क से पीड़ित दुष्यंत कुमार साहू, सुनील कुमार सेन, राजेंद्र चंद्राकर, नरेंद्र कुमार सेन, चंद्रिका श्रीदेश, धन्नू साहू ने कहा कि जनता का वोट सबको चाहिए लेकिन कराहती जनता का दर्द दूर करने पर मुंह छिपाने लगे है जिम्मेदार लोग। कांग्रेस सरकार चली गई सरपंच भी बदल गए लेकिन सड़क निर्माण उलझन सक्षम और जिम्मेदार अधिकारी के अभाव में नहीं सुलझ पाई है। कलेक्टर इस मामले का संज्ञान लेकर रनचीराई प्रवास करे और निष्पक्ष निर्णय लेकर कार्य को गति दे तो आमजनता की दर्द का इलाज हो सकता है। ग्रामीणों को गंदगी से निजात मिल सकती है आशंकित बीमारी से बचाव हो सकती है। आम जनता ने कहा कलेक्टर पावर फूल होते है तुरंत निर्णय लेने की क्षमता रखते है शासन को अनुशंसा और मातहत से काम करा सकते है। कलेक्टर एक बार रनचीराई अवश्य आए समस्या का हल निकालकर शेष पेज 12 पर





### गढ्ढे का पानी और धूल का गुब्बार स्वास्थ के लिए बड़ा खतरा

कंडम सड़क के समीप निवासरत सीनियर सिटीजन व्यापारी चंद्रिका श्रीदेश ने सड़क दुर्दशा की कहानी बया करते हुए बताया कि बारिश के दिनों में कीचड़और गढ्ढे से अटी पड़ी सड़क 50 साल पहले की यात्र की बरबस याद दिलाती है लोग गिरते पड़ते कीचड़ में लतफत होते हुए आगे बढ़ते है शासन प्रशासन की निक्रियता को कोसते हुए मंजिल की ओर आगे बढ़ते है, श्री देश ने कहा कि बारिश में ये मंजर है और गमएँ में धूल का गुब्बार उड़ता है इस अव्यवस्था से ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों को स्वास्थ का खतरा बना हुआ है। राहगीर भी दर्दनाक सफर करने विवश है।

## किसानों से रुपए लेकर नहीं दी खाद, संगवारी कृषि केंद्र किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- उप संचालक कृषि ने अनुविभागीय अधिकारी एवं निरीक्षक के साथ की जांच

विकासखंड डौंडी के मथाई चौक में संचालित किसान संगवारी कृषि केंद्र के संचालक मनोज कुमार बुर्रा के खिलाफ उर्वरक वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की गई है। किसानों की शिकायत पर तहसीलदार डौंडी को जानकारी दी गई कि यूरिया उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं दी जा रही थी। शिकायत मिलते ही उप संचालक कृषि ने अनुविभागीय अधिकारी महेश कुमार मारगिया एवं उर्वरक निरीक्षक ऐमन्त कोठारी को तत्काल जांच के लिए भेजा। कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम जब कृषि केंद्र पहुंची तो संचालक मौके पर नहीं था और बड़ी संख्या में आक्रोशित किसान वहां मौजूद थे।

**24 किसानों से लिया पैसा**- किसानों ने बताया कि केंद्र संचालक ने 24 किसानों से 35 बोरी यूरिया के लिए पैसे ले लिए थे, लेकिन खाद नहीं दी जा रही थी। मौके पर मौजूद अधिकारियों की उपस्थिति में इन किसानों को 35 बोरी यूरिया वितरित की गई, जिससे वे संतुष्ट हुए।

वितरण में अनियमितता और गैरहाजिरी को गंभीर मानते हुए विभागीय टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार किया, गोदाम का ताला तोड़कर उसे नए ताले से सील किया और पूरा कृषि केंद्र भी सील कर दिया गया। उप संचालक कृषि ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के उल्लंघन के आरोप में संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जवाब शेष पेज 12 पर

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गुरुर जनपद के कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ब्लाक गुरूर के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र मे किए जा रहे विभिन्न प्रयासो को और उत्साहित करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर द्वारा उनके मध्य पहुंचकर विभिन्न कार्यो का शुभारंभ व निरीक्षण कर मागदर्शन प्रदान किया गया।

जिसके तहत गायत्री सिन्हा पति ओमप्रकाश सिन्हा जो कि जागृति स्व सहायता समुह ग्राम अरकार की निवासी है, ग्राम पंचायत अरकार जो कि ब्लॉक मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर है। जहां महिलाओं को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, इसलिए उक्त समस्या को देखते हुएं गायत्री सिन्हा ने अर्पण महिला संकुल संगठन सनौद से 2.10 लाख का ऋण लेकर ई रिक्शा खरीदा जिससे उस क्षेत्र की महिलाओं को किसी भी समय आवागमन की सुविधा मिल सके, जिसका शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर के द्वारा चाबी सौप कर किया गया।

वही ब्लॉक गुरूर अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समुह द्वारा उच्च गुणवत्ता की विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का निर्माण किया जा रहा, जिन्हें उचित बाजार दिलवाने हेतु जनपद पंचायत परिसर में स्टॉल लगाया गया, जिसका मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा शुभारंभ किया गया। जनपद पंचायत कार्यालय में होने वाले बैठकों, आयोजनों एवं आने जाने वाले लोगों को गरम व उचित दाम में चाय नास्ता उपलब्ध कराने हेतु बिहान कैन्टीन के 1 शाखा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे द्वारा शुभारंभ किया गया। जिसमें अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन आधिकारिक एनके बांगड़े, सिरमौर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी लक्ष्मी ठाकुर, लिपिक प्रवेश कुमार साहू, क्षेत्रीय समन्वयक ख्याति जैन और जनपद पंचायत बिहान शाखा के सभी अधिकारियों कर्मचारी और समुह की महिलाएं उपस्थित थी।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का चरणबद्ध आंदोलन 16 से

**बालोद।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर आगामी 16 जुलाई और 22 अगस्त को प्रस्तावित चरणबद्ध आंदोलन की पूर्ण तैयारी को लेकर शुक्रवार को बालोद रेस्ट हाउस मे बैठक आयोजित की गई। बैठक मे फेडरेशन से संबद्ध विभिन्न संगठनो के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक मे केन्द्र सरकार मोंदी की गारंटी को राज्य मे लागू करने सहित 11 सूत्रिय मांगो को लेकर आगामी आंदोलन की रणनिति पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमे यह निर्णय लिया गया कि 16 जुलाई को तांदुला रिसार्ट गेट से रैली निकाली जाएगी। जो कलेक्ट्रेरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपने के साथ समाप्त होगी। सभी जिला अध्यक्षो की रैली मे उपस्थिति सुनि"चत की गई। बैठक के दौरान कबीरधाम जिले से 7 जुलाई को 42 कर्मचारी को कलेक्टर द्वारा कान पकड़वाने की घटना की कड़ी निंदा की गई। इस मामले मे कार्यवाही की मांग करते हुए बालोद जिले से कलेक्टर कबीरधाम के खिलाफ ज्ञापन भी सौपा गया। फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि भविष्य मे यदि किसी भी अधिकारी द्वारा कर्मचारियो से अभद्र व्यवहार किया जाता है तो संगठन उसके खिलाफ सख्त मोर्चा खोलेगा। बैठक मे जिला संयोजक लोकेश कुमार, महासचिव घन"याम पुरी, पेंशनर फोरम संयोजक मधुकांत यद्रु, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र देशलहरे, प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला अध्यक्ष राधे"याम साहू, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष परशुराम धनेन्द्र, प्रदेश शिक्षक संघ के तामेश्वर कौशल, पेंशनर संघ जिला अध्यक्ष आरएम चावड़ा, चेतन यादव, गजेन्द्र पुरी गोस्वामी, राजेन्द्र कुमार साहू सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे। फेडरेशन ने आंदोलन को पूरी तरह अनुशासित और लोकतांत्रिक तरीके से संचालित करने का आव्हान किया है।

## ट्रक की ठोकर से निर्माणाधीन टोल प्लाजा क्षतिग्रस्त, चालक हुआ घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग-930 पर ग्राम जमही के पास निर्माणाधीन टोल प्लाजा में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। उद्घाटन से पहले ही एक बेकाबू ट्रक टोल बूथ से जा टकराया, जिससे एक बूथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह से टूट-फूट गया। घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे की है। जानकारी के अनुसार, ट्रक (क्रमांक सीजी 04 एल एफ 9099) रायपुर से आयरन ओर खाली कर बालोद होते हुए कच्चे की ओर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम जमही के पास स्थित निर्माणाधीन टोल प्लाजा के गेट नंबर चार के सामने चालक ट्रक से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सीधे टोल बूथ के केबिन पर चढ़ गया। हादसे में केबिन के अंदर रखा कंप्यूटर और अन्य उपकरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया, वहीं इंजन से आयल लीक होकर सड़क पर फैल गया। गनीमत रही कि घटना के समय केबिन में कोई मौजूद नहीं था। ट्रक चालक को पैर में हल्की चोट आई है। सूचना मिलते ही राजहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हाइड्रा की मदद से हटाकर थाने लाया गया है। मामले की जांच जारी है।

**नरवा, गरुवा, घुरवा आउ बारी योजना एक महत्वपूर्ण पहल थी**

# कांग्रेस की योजनाओं को बंद करना, जनहित की उपेक्षा : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

यह छत्तीसगढ़ राज्य के एक यात्री प्रतीक्षालय का बोर्ड है, जिसे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के गांवो ग्राम पंचायत रिसामा में पूर्व पी डब्लूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनवाया था। वर्तमान में इसके बोर्ड पर दो सम्मानित व्यक्तियों की तस्वीरें हैं



**पूर्व लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू से बातचीत**




एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री और दूसरी ओर लोक निर्माण मंत्री पर तस्वीरों के बीच है छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरुवा, घुरवा आउ बारी। जब इस बारे में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और पूर्व लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू से पुछा गया तो उन्होंने कहा की यह तस्वीर ब्यान कर रही है कि छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता-मंत्रियों को भी यह भली-भांति पता है पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा लायी गयी। नरवा, गरुवा, घुरवा आउ बारी योजना एक महत्वपूर्ण पहल थी। इस योजना को ग्रामीण विकास और लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से बनाया गया था और विस्तृत राज्य में इसका असर भी देखा जा रहा था। कांग्रेस सरकार द्वारा लायी गयी इस योजना के माध्यम से भूजल पुनर्भरण, सिंचाई और जैविक खेती, किसानों को दोगुनी फसल लेने, पशुओं की उचित देखभाल सुनिश्चित करने, पारंपरिक रसोई उद्यान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पोषण स्तर में सुधार करने में बहुत मदद मिली थी। श्री साहू ने आगे कहा कि सब जानते हैं कि सत्य को छुपाया नहीं जा सकता है। वर्तमान भाजपा की सरकार ने इस योजना को बंद जरुर कर दिया है, पर ये तस्वीर पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा लायी गयी नरवा, गरुवा, घुरवा अउ बारी योजना के महत्व को बखूबी रेखांकित कर रही है। नरवा, गरुवा, घुरवा आउ बारी योजना में नरवा के अंतर्गत शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में गुरू पूर्णिमा की उपलक्ष्य में गायत्री मंदिर में एक कुंडली गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में प्रज्ञा पुत्र भागीदारी स्थानीय डोमार सिंह नायक, चिंताराम साहू, त्रिलोकनाथ यदु, तखत राम जयते, सोहन लाल सिन्हा सहित अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।ने मन साहू ने बताया कि रेंगाडबरी में गायत्री मंदिर की स्थापना 1982 में हुई है तब से गुरू पूर्णिमा, चैत्र और क्वांर नवरात्रि में अखंड दीप एवं सामूहिक साधना तथा बसंत पंचमी में भी सामूहिक यज्ञ किया जाता है।

### स्वास्थ्य पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

**गुरूर।** नेशनल वर्क शॉप न्यू दिल्ली मे संजारी विधानसभा बालोद विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुई। जहां नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में पीआरएस लेजीस्टेटीव रिसर्च द्वारा आयोजित शिक्षा और स्वास्थ्य विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता ली। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए जनप्रतिनिधियों के साथ नवीन विचार, व्यावहारिक अनुभव और सार्थक सुझावों का आदान–प्रदान किया गया।




### चौरेल में रुद्राभिषेक का आयोजन 28 को

**बालोद।** न्यास श्री गौरैया सिद्व शक्तिपीठ एवं ग्रामवासी चौरेल द्वारा श्रावण मास मे शिव उपासना, महामृत्युंजय पाठ एवं रूद्वाभिशेक का आयोजन 28 जुलाई को आयोजित किया गया है। जिसमे 27 जुलाई को अखण्ड रामायण जय गौरेया महिला मानस मंडली चौरेल, स्वरधारा महिला मानस मंडली चौरेल, जय छत्तीसगढ़ रामायण मंडली चौरेल का आयोजन किया जाएगा। 28 जुलाई को बोलबम कावड़ियो का स्वागत किया जाएगा तथा 11000 मंदार फूल से दुग्धस्थान एवं रूद्वाभिशेक, 108 पार्थिव शिवलिंग की पूजा पूजारी जितेन्द्र शर्मा द्वारा किया जाएगा जहां पूजा के प"चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। जहां रूद्वाभिशेक सर्व शांति हेतु जल से, संतान कामना हेतु फल एवं मेवा से, पारिवारिक कलह शांति हेतु मधुरस से, विवाह बाधा शांति हेतु दुग्ध एवं मावा से, ऋण मुक्ति एवं ग्रह शांति हेतु नौक प्रकार के फल से, शत्रु बाधा शांति हेतु सरसो तेल से, शारीरिक कष्ट छुटकारा हेतु घृत या गन्नारस से किया जाएगा।

### गांजा बेचते हुए महिला और युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचते महिला व युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांजा बेचते हुए आईटीआई मैदान खुर्सीपार से चंद्रशेखर आजाद नगर स्वीपर मोहल्ला छावनी निवासी अकुला मीना उर्फ ए सुनीता उर्फ गररी, सडक एनएडी क्वाटर नंबर 11 डी बालाजी नगर खुर्सीपार सीएच जयदेव ऊर्फ जयदेव को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस ने गांजा वजनी 1 किलो 175 ग्राम 12 हजार 960 रुपए और बिक्री रकम 500 रूपये, एक्टिवा वाहन को जब्त किया गया।

**उपलब्धि :** भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

# डीएमएफटी में प्रेजेंटेशन व आइडियाज़ के लिए कलेक्टर दिव्या मिश्रा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- छत्तीसगढ़ की कार्यशैली को राष्ट्रीय आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया






खनन प्रभावित क्षेत्रों के डीएमएफटी में बेहतर प्रेजेंटेशन और आइडियाज़ देने के लिए सम्मानित किया गया समावेशी विकास और पारदर्शिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए बालोद जिले की कलेक्टर दिव्या मिश्रा को राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हाल ही में नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित /"नेशनल डीएमएफ वर्कशॉप/" के दौरान प्रदान किया गया। जब नेतृत्व दूरदृष्टि से जुड़ता है और सेवा भाव से सशक्त होता है, तो परिणाम केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहते वे समाज की आत्मा को छूते हैं। बालोद की कलेक्टर दिव्या मिश्रा आज इसी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी हैं। डीएमएफ फंड के पारदर्शी और जनहितैषी उपयोग के लिए उन्हें हाल ही में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया, जिसने न केवल बालोद जिले को गर्व से भर दिया, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की कार्यशैली को राष्ट्रीय आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया।

नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित नेशनल डीएमएफ वर्कशॉप में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कलेक्टर दिव्या मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों को सराहा। उनके मार्गदर्शन में बालोद ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना और आजीविका जैसे क्षेत्रों में डीएमएफ फंड का प्रभावशाली और नियोजित उपयोग कर एक विकास मॉडल स्थापित किया है। दिल्ली से लौटने पर प्रेस क्लब बालोद ने कलेक्टर दिव्या मिश्रा का आत्मीय स्वागत कर उन्हें जिले की शान बताया। क्लब सदस्यों का कहना था कि /"यह सम्मान एक महिला अधिकारी की दूरदर्शिता, संवेदनशीलता और सतत प्रयासों का फल है। दिव्या मिश्रा का यह सफर बताता है कि जब प्रशासनिक पद सेवा की भावना से प्रेरित हो, तो परिवर्तन केवल संभव नहीं, अनिवार्य हो जाता है।

बालोद की जनता के बीच दिव्या मिश्रा सिर्फ एक कलेक्टर नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और भरोसे की प्रतीक बन चुकी हैं। उनके काम करने का तरीका नीतिगत दक्षता के साथ-साथ मानवीय संवेदना का भी परिचायक है।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में मनी गुरुपूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विकास खण्ड के वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में गुरुपूर्णिमा पर्व का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। बच्चों द्वारा शिक्षकों का आरती तिलक लगाकर स्वागत सम्मान कर आर्शीवाद किया।इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने गुरुपूर्णिमा पर्व के महत्व व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। गुरुपूर्णिमा आषाढ़ मास के पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। गुरुपूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा और व्यास जयंती के नाम से जाना जाता है। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर, गुरु बिना ज्ञान नहीं, जीवन में मान नहीं,एक सार्थक वाक्य है। यह वाक्य गुरु के महत्व को दर्शाता है जो ज्ञान और सम्मान दोनों प्रदान करते है। इसके अतिरिक्त गुरु वह दीपक है,जो हमारे अज्ञान के अंधकार को दूर करता है। इस दिन माता पिता बड़ों और गुरु का आशीर्वाद लेने का महत्व है क्योंकि गुरु ही अंधकार से उजाले की ओर ले जाते है। गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह दिन समर्पित है।इस अवसर पर शिक्षक नारदराम भुआर्य, गांधीराम बघेल, सुनील कुमार अलेन्द्र, भूमिका मोवाड़े उपस्थित रहे।

### मारपीट करने वाले आरक्षक और पत्नी पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पांच दिन पूर्व आरक्षक और पत्नी के साथ मिलकर डॉयल 112 के चालक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि क्वाटर नं. 24 बी रिसाली सेक्टर निवासी मनीष ठाकुर डायल 112 मे भिलाई नगर मे डेढ वर्ष से वाहन चालक है। 7 जुलाई को मनीष के साथ दीपक ठाकुर , नवीन साहु , झम्मन और भिलाई नगर आरक्षक बबलु मिश्रा मचांदुर कार्यक्रम में शामिल होने के लिये निकले। आरक्षक बबलु मिश्रा की वाहन सभी गए हुए थे।

## सेजस स्कूल दुधली की छात्र परिषद ने शपथ ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सेजस विद्यालय दुधली में शनिवार को बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पण कर किया गया। छात्र परिषद के नव-निर्वाचित शाला नायक मोनिका देशमुख, शाला उप नायक भिवेश गावरे, सचिव धनिका देशमुख , उप सचिव भूपेंद्र कुमार देशमुख, अनुशासन सचिव टिकेश कुमार, उप सचिव इशिका, क्रीडा सचिव यश कुमार, सह सचिव मोना साहू, ईको क्लब सचिव गंगोत्री, उप सचिव हर्ष तिवारी, सांस्कृतिक सचिव शालिनी, उप सचिव साधना साहू, विज्ञान सचिव कामनी, उपसचिव सिमरन पटेल, स्वच्छता सचिव डिगेश्वरी, उप सचिव अंशिका यादव, कक्षा प्रतिनिधियों एवं अन्य पदाधिकारियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन व्याख्याता मिलन सिन्हा द्वारा किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव देवांगन एवं सभी सम्माननीय सदस्यों ने छात्र परिषद के नव-चयनित सदस्यों को शुभकामनाएँ प्रेषित किए हैं।प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह छात्र परिषद नेतृत्व, दायित्व एवं सहयोग की भावना को विकसित करने का एक उत्तम मंच है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक आर एन राणा द्वारा किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के प्रति जिम्मेदारी तथा सामाजिक चेतना को प्रोत्साहित करने वाला सिद्ध होगा। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## पोंडी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रसंघ गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पोंडी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2025–26 के लिए छात्रसंघ गठन हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी जिला बालोद मे शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु छात्र परिषद का गठन प्राचार्य के नन्द, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दानेश्वर मिश्रा व समस्त स्कूल स्टॉफ की उपस्तिथि मे किया गया, जिसमे शालानायक छत्रसिंह 12वी जीवविज्ञानं समूह, उपाध्यक्ष यश कुमार 11 वी गणित, सचिव वैशाली 10 वी, सहसचिव ओजस्वी 9 वी, छात्र प्रतिनिधि दिपेन्द्र कुमार 12वीं कला, छात्र प्रतिनिधि जागृति मानिकपुरी 12 वीं कॉमर्स, इकोक्लब अध्यक्ष निधि साहू 11 वीं गणित, क्रीड़ा सचिव जागृति साहू 12वीं कॉमर्स, बागवानी सचिव गणेश कुमार 12 वीं कला, विज्ञानं क्लब सचिव शालिनी 11वीं गणित, रेडक्रॉस सचिव डिंपल 11वीं जीवविज्ञानं, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सचिव वसुंधरा 12 वीं जीवविज्ञानं, सांस्—तिक सचिव, रेशमा देवांगन कॉमर्स 12 वीं व अनुशासन सचिव युगल कुमार 12 वीं जीवविज्ञानं का दायित्व दिया गया।

वही शाला प्रबंधन के अध्यक्ष दानेश्वर मिश्रा ने सभी नव दायित्व लिए बच्चों को उनके दायित्व के विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि अनुशासन, निर्देशन स्कूल की संपूर्ण गतिविधि आप सभी बच्चों के माध्यम से संचालित होना है आप अनुशासन में रहेंगे तो आपको देखकर के अन्य बच्चे जो आपके फ्रेंड है दोस्त है वे सभी अनुशासन का पालन करेंगे। आप सभी अनुशासित रहेंगे उससे स्कूल में पूरे समय एक अच्छा वातावरण वर्ष भर प्राप्त होता है, इस वातावरण को बेहतर करने का दायित्व आज से आप लोगों को दिया जाता है।

## पूर्व माध्यमिक शाला केशतरा में किया गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केशतरा के शिक्षक प्रदीप कुमार ठाकुर एवं गीतेश कुमार देवांगन द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चो को न्यौता भोज दिया गया । न्यौता भोज में खीर, पुड़ी, दाल, चावल, सब्जी, पापड़, मिठाई परोसा गया । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी, बी. आर. सी. भेखदास बघेल, सरपंच दिलेश्वर पिंटू साहू विशेष रूप से उपस्थित थे । इनके अलावा जनभागीदारी हाई स्कूल के अध्यक्ष श्री संतोष साहू, विधायक प्रतिनिधि रोहित साहू, ग्राम के गणमान्य नागरिक चन्द्रभान तिवारी, पूर्व माध्यमिक शाला के शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती साधना यादव, प्राथमिक शाला के शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती नेमा निषाद उपस्थित रहे । इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रवंशी ने शिक्षकों के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है । न्यौता भोज से बच्चे काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पवन कुमार साहू, गीतेश कुमार देवांगन, प्रदीप कुमार ठाकुर, ओंकार प्रसाद डडसेना, प्राथमिक प्रधान पाठक श्री गणेश्वर ठाकुर, रोशन महिलांगे, जनभागीदारी हाई स्कूल के प्राचार्य कु. नेमेश्वरी साहू, गौतम साहू, कु. सीमा चक्रधारी, सफाई कर्मी पवन ठाकुर, रसोइया श्रीमती दुलेश्वरी साहू, श्रीमती चम्पा साहू, श्रीमती चितरेखा चक्रधारी, श्रीमती बसंता ठाकुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया ।

## जय बजरंग अखाड़ा में गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद के अखाड़ा परिसर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अखाड़ा मे प्रतिदिन अभ्यास करने वाले खिलाड़ियो के साथ उन्हे प्रशिक्षण देने वाले गुरूजन उपस्थित थे। इस अवसर पर अखाड़ा मे अभ्यास करने वाले शिष्यो ने अपने गुरुजनों की आरती कर तिलक लगाकर शाल श्रीफल से सम्मान किया। जहां बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद मे कुश्ती, कबड्डी, मलखंभ, अखाड़ा, व्यायाम के अनेकों पहलवान, खिलाड़ी देश में अखाड़े का नाम रोशन किए हैं। वर्तमान मे कई विभिन्न पदो पर अपनी सेवाएं दे रहे है। कई नेशनल खिलाड़ी कुश्ती, कबड्डी में खेल कर पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर गुरुओं में नारायण साहू, राम प्रसाद यादव, किशुन साहू, नेमीचंद ढीमर, आनंद ढीमर, रामेश्वर ढीमर, मुकेश यादव, रवि पटेल, तनवीर आलम, फ़गेश साहू, अंगद साहू एवं अखाड़ा के खिलाड़ी जागेश साहू, दुष्यंत कुमार, बलवंत, बिल्ला यादव, लखन ढीमर, प्रियांशु, तोशुभ नाग, बादल नाग, शुभम ढीमर, योगेश यादव घनश्याम पटेल, बलराम यादव, विनायक उपस्थित थे।



## चंदखुरी पूर्व माध्यमिक शाला में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में शाला प्रवेशोत्सव सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कविता ठाकुर सरपंच, योगिता यादव उपसरपंच, खेमलाल चंद्राकर पूर्व सरपंच, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, संजय बघेल विधायक प्रतिनिधि, बाबूराय साहू प्रधान पाठक, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद, घनश्याम साहू पंच, यादेश ठाकुर शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कल के भविष्य हो अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई कर अपने और माता पिता, शिक्षक, गांव, प्रदेश एवं पुरे भारत देश का नाम रोशन करे और अपनी पहचान बनाने में सफल रहे।

### वृद्ध ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**भिलाई।** ट्रेन से कटकर वृद्ध महिला ने आत्महत्या किया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सिरसा रेलवे अण्डरब्रिज के पास पुराने क्रासिंग वाली जगह में डाउन लाइन पर सुबह शांति नगर भिलाई तीन निवासी काशी बाई पटवा 73 वर्ष ने आत्महत्या किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## ई समन व हाईकोर्ट पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



जिला पुलिस कक्ष में समन प्रणाली एवं हाईकोर्ट जवाब/दावा पोर्टल के संचालन को लेकर एक प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता की ओर प्रशिक्षित करना रहा। इस अवसर पर सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी बोनिफास एक्का और रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण में जिले के सभी थानों से समन वारंट आरक्षक, कोर्ट मोहर्रिर, कोर्ट आरक्षक एवं CCMS से जुड़े कार्मिक उपस्थित थे।

प्रशिक्षकों ने e-समन प्रणाली के माध्यम से समन और वारंट की डिजिटल प्रक्रिया, त्वरित डिलीवरी और न्यायालयीन कार्यों की निगरानी में CCMS पोर्टल की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही हाईकोर्ट पोर्टल पर जवाब/दावा प्रस्तुत करने की सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया, दस्तावेज अपलोडिंग, समयसीमा का पालन तथा डिजिटल उत्तरदायित्व पर भी प्रकाश डाला गया

प्रशिक्षण में e-समन प्रणाली का महत्व, CCMS पोर्टल से केस मॉनिटरिंग, हाईकोर्ट पोर्टल पर जवाब/दावा की प्रक्रिया, डिजिटल दस्तावेजों की तकनीकी जानकारी तथा न्यायिक समयसीमा और उत्तरदायित्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया,

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बालोद पुलिस की ओर से एक सराहनीय कदम है, जो न्यायिक कार्यों की गति, पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

24x7 EMERGENCY SERVICE
AAROGYAM
Superspeciality Hospital & Research Center
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी & लेप्रोस्कोपिक टीम
क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं?
- पेट में जलन / गैस
- आंतों में जख्म / कैंसर
- पैंक्रियास में सूजन
- पित्त की नली में पथरी
- लिवर खराब होना
- पीलिया / हेपेटाइटिस
गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सर्जरी में एक साल की अभूतपूर्व सफलता!
- 600+ एंडोस्कोपी (Endoscopy)
- 300+ कोलोनोस्कोपी (Colonoscopy)
- 60+ ईआरसीपी (ERCP)
- 600+ सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
डॉ. जीवनलाल घीडले
MD (MED.) DM ( GASTRO )
PGI CHANDIGARH
ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल . निःशुल्क 7440711113
97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411